तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 19. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 10 मार्च 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

4 लायंस क्लब ने किया नारी शक्तियों का सम्मान



## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायत डभरा का प्रथम सम्मेलन आज

**डभरा।** जनपद पंचायत डभरा का प्रथम सम्मेलन सोमवार 10 मार्च को रखा गया है, जिसमें नव निर्वाचित जनपद अध्यक्ष, जनपद उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों को शपथ दिलाया जाएगा। विदित हो कि अभी हाल ही में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न हुआ है जिसके सभी पंचायत प्रतिनिधि चुनकर आये हैं इसी के तहत पिछले 4 फरवरी को जनपद पंचायत डभरा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ है, जिसके बाद जनपद पंचायत डभरा में नव निर्वाचित जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों का सोमवार को प्रथम सम्मेलन आयोजित किया गया है। सम्मेलन का आयोजन प्रातः 11 बजे जनपद के सभाकक्ष में आहूत किया गया है।

### नगर पंचायत खरौद में अध्यक्ष पार्षदों का शपथ समारोह आज

**खरौद।** खरौद नगर पंचायत में प्रथम भाजपा अध्यक्ष एवं पार्षदगणों का शपथ ग्रहण समारोह गांधी चौक सुकुल पारा में सोमवार 10 मार्च को सुबह 10. 30 बजे से आयोजित किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमती कमलेश जांगड़े सासंद होंगी। अध्यक्षता श्रीमती शेषराज हरवंश विधायक पामगढ़ करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रुप में अम्बेश जांगड़े जिलाध्यक्ष भाजपा, गुलाब सिंह चन्देल पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, चुन्नीलाल साहू पूर्व विधायक अकलतरा यशवंत साहू जिला महामंत्री, व्यास वर्मा मण्डल अध्यक्ष, सन्तोष लहरे पूर्व विधायक प्रत्यासी, उत्तम सोनी जिला संयोजक, बसन्त यादव मण्डल मंत्री, सुबोध शुक्ला संवाददाता नवभारत, शरदचन्द्र शर्मा मण्डल महामंत्री उपस्थित रहेंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकार ने समस्त नगरवासियो से उपस्थित होने की अपील की हैं।

### श्याम फाल्गुन महोत्सव आज भंडारा का होगा आयाजन

**चांपा।** स्थानीय श्री श्याम बाबा सेवा समिति के तत्वाधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन सोमवार 10 मार्च को किया जा रहा है। इस एक दिवसीय महोत्सव के तहत 10 मार्च को सुबह 8 बजे श्री राधाकृष्ण मंदिर से श्याम मंदिर तक श्याम मित्र मंडल द्वारा निशान यात्रा निकाली जाएगी। निशान यात्रा के श्याम मंदिर पहुंचने के बाद यहां श्री श्याम प्रभू को निशान अर्पित किए जाएंगे। इसके पश्चात सुबह 10 बजे से श्याम मंदिर में श्री श्याम प्रभू का दुग्धाभिषेक किया जाएगा। रात्रि 8 बजे से तत्षा गुप्ता (रांची) द्वारा श्याम भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी दिन रात्रि 9 बजे से अनिल मोदी के निवास परिसर में भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया है। आयोजन की तैयारी में सभी श्याम भक्त जुटे हुए है।

### परीक्षा में व्याख्याता को केंद्राध्यक्ष नहीं बनाने की मांग

**जांजगीर-चांपा।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा 5 वी 8वी केंद्रीकृत परीक्षा के लिए केन्द्राध्यक्षों की सूची जारी की गई है, जिसमें व्यापक विसंगति है। इस पर शिक्षक संघर्ष मोर्चा के जिला संचालक सत्येंद्र सिंह, संतोष शुक्ला, विकास सिंह जिला उप संचालक डॉ. बोधी राम साहू, योगेन्द्र शुक्ला सहित पदाधिकारियों ने डीईओ में ज्ञापन सौंपकर मांग रखी है कि वर्तमान में माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा 10 वीं व 12 वी बोर्ड की परीक्षा ली जा रही है जिसमें अधिकांश व्याख्याता का केंद्राध्यक्ष व उप केंद्राध्यक्ष के रूप में ड्यूटी लगी हुई है। जिसका परीक्षा का समय सुबह 9 से 12.15 है, वही 5 वी व 8वी केंद्रीकृत परीक्षा का समय भी सुबह ही है जो 17 मार्च से होना है, जिसमें व्याख्याता को केंद्राध्यक्ष बना दिया गया है। एक साथ 2 जगह कार्य कर पाना असंभव है, वहीं 20 मार्च से 10 वीं 12 वी मूल्यांकन कार्य प्रारंभ होने को है तथा 9 वीं व 11 वीं स्थानीय स्तर की परीक्षाएं भी संचालित होना है जिसका समय सारणी भी जारी हो चुका है।

## मोहन यादव , दिवाकर राणा और अमरजीत खटकर निर्वाचित

# जांजगीर और चांपा में भाजपा तो अकलतरा में कांग्रेस का उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नगर पालिकाओं के उपाध्यक्ष का चुनाव रविवार को सम्पन्न हुआ। जिले 3 नगर पालिका में से 2 में भाजपा के उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं 1 नगर पालिका में कांग्रेस ने कुर्सी पर कब्जा किया। भाजपा के मोहन यादव जांजगीर नैला में तो अमरजीत सिंह खटकर चाम्पा में उपाध्यक्ष चुने गए। अकलतरा में कांग्रेस के दिवाकर राणा ने जीत दर्ज की।

जिले के जांजगीर नैला, चाम्पा और अकलतरा नगर पालिका में रविवार 9 मार्च को अध्यक्ष और पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह के बाद उपाध्यक्ष का चुनाव हुआ। नवनिर्वाचित पार्षदों ने मतदान कर उपाध्यक्ष की कुर्सी का फैसला किया। पार्षदों की संख्या के आधार पर भाजपा की स्थिति मजबूत नजर आ रही थी। लेकिन अकलतरा में क्रॉस वोटिंग के चलते भाजपा के उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा। नगर पालिका जांजगीर नैला में उपाध्यक्ष की कुर्सी के लिए भाजपा के मोहन यादव और कांग्रेस के विष्णु यादव के बीच मुकाबला हुआ। पालिका अध्यक्ष चित्ररेखा गढ़वाल और 25 वार्ड के पार्षदों ने मतदान किया। मोहन यादव को 16 वोट मिले, वहीं विष्णु यादव 9 वोट ही हासिल कर पाए। यहां 1 वोट रिजेक्ट भी हुआ। इस तरह भाजपा के मोहन यादव उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। इधर नगर पालिका परिषद चाम्पा में भाजपा के अमरजीत सिंह खटकर और कांग्रेस के दुर्गा प्रसाद कुर्रे के बीच उपाध्यक्ष की कुर्सी के लिए मुकाबला हुआ। अमरजीत ने 16 मत प्राप्त प्राप्त कर जीत दर्ज की, जबकि दुर्गा प्रसाद 11 वोट ही जुटा सके। अकलतरा नगर पालिका में क्रॉस वोटिंग के कारण भाजपा के उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा। यहां कांग्रेस की ओर से दिवाकर सिंह राणा तो भाजपा की ओर से मुरलीधर मिश्रा मैदान में थे। मुरलीधर मिश्रा के पक्ष में 8 तो दिवाकर सिंह राणा के पक्ष में 13 वोट आए। इस तरह दिवाकर सिंह राणा लगातार दूसरी बार उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। जीत के बाद सभी जगह विजेताओं के समर्थकों ने जशन मनाया।



चुनाव के बाद पार्षद और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जांजगीर-नैला नगरपालिका के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष।

### अकलतरा में भाजपा की क्रॉस वोटिंग



**अकलतरा।** नगर पालिका परिषद अकलतरा में नगर पालिका उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन मे कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी बनाए गए दिवाकर सिंह राणा ने 13 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। भाजपा के प्रत्याशी मुरलीधर मिश्रा 8 वोट ही प्राप्त कर सके। इस तरह दिवाकर राणा दूसरी बार नगर पालिका उपाध्यक्ष बने।अकलतरा नगर पालिका के 20 वार्डों में से 12 पार्षद भारतीय जनता पार्टी के तो 6 पार्षद कांग्रेस पार्टी के निर्वाचित हुए हैं। वहीं 2 वार्डो पर निर्दलीय प्रत्याशियों को जीत हासिल हुई है। भाजपा के 12 पार्षद होने पर ऐसा माना जा रहा था कि नगर पालिका उपाध्यक्ष पद पर भाजपा उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित है, लेकिन कांग्रेस के प्रत्याशी दिवाकर सिंह राणा ने 8 के मुकाबले 13 मत प्राप्त कर अप्रत्याशित जीत दर्ज की। माना जा रहा है कि विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के रणनीतिक कौशल के चलते नगर कांग्रेस पार्टी के पास अल्पमत होने के बावजूद नगर पालिका उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस प्रत्याशी दिवाकर सिंह राणा की जीत सुनिश्चित हुई है। नगर पालिका उपाध्यक्ष पद पर दिवाकर सिंह राणा की जीत के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा आतिशबाजी, रंग गुलाल एवं मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया गया एवं नगर में विजय रैली निकाली गई। नगर पालिका उपाध्यक्ष पद पर दिवाकर सिंह राणा की यह दूसरी जीत है। इससे पूर्व 2019 में भी दिवाकर सिंह राणा को कांग्रेस पार्टी की ओर से उपाध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी घोषित किया गया था। उस वक्त कांग्रेस के 8 पार्षद एवं 3 निर्दलीय पार्षदों के मत के चलते अपने प्रतिद्वंदी को 11-10 से पराजित कर पहली बार नगर पालिका उपाध्यक्ष बने थे।

### चांपा में भाजपा की 5 वोट से जीत

**चांपा।** नगर पालिका चाम्पा के उपाध्यक्ष पद का निर्वाचन दोपहर 1:30 बजे से नगरपालिका कार्यालय भवन में सम्पन्न हुआ। जिसमें भाजपा के पार्षद अमरजीत सिंह खटकर निर्वाचित हुए। नगरपालिका परिषद के लिये निर्वाचन हेतु मतदान विगत 11 फरवरी को सम्पन्न हुआ था। इसके बाद 15 फरवरी को मतगणना का कार्य छत्रपति शिवाजी खेल सभागृह में हुआ। मतगणना पश्चात भाजपा की ओर से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रदीप नामदेव ने 6 हजार से भी अधिक मतों से चुनाव जीतकर दूसरी बार पालिका अध्यक्ष पद पर आसीन होकर इस मिथक को तोड़ दिया कि आज तक कोई दूसरी बार नगरपालिका परिषद चांपा का अध्यक्ष नहीं बन पाया है। इसके अलावा भाजपा की ओर से 15 पार्षद, कांग्रेस की ओर से 11 पार्षद तथा 1 निर्दलीय पार्षद चुना गया। विगत 6 मार्च को निर्दलीय पार्षद चुने गए रामसिंह गोंड़ ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस तरह नगरपालिका में भाजपा पार्षदों की संख्या बढ़कर 16 हो गई। इसके चलते बहुमत के कारण भाजपा का उपाध्यक्ष चुना जाना तय था। पालिका उपाध्यक्ष चुनाव के लिये भाजपा की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक तथा रायगढ़ के पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने रविवार 3 मार्च को सरस्वती शिशु मंदिर चांपा के सभागार में पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित सभी पार्षदों से रायशुमारी की थी। बताया जाता है कि इस दौरान बहुसंख्यक पार्षदों ने अमरजीत सिंह खटकर के नाम पर सहमति प्रदान की। खटकर नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता तथा अविभाजित मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री स्व. बलिहार सिंह के भतीजे हैं। उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा की ओर से वार्ड क्र. 24 के पार्षद अमरजीत सिंह खटकर तथा कांग्रेस की ओर से वार्ड क्र. 16 के पार्षद दुर्गा प्रसाद कुर्रे के बीच मुकाबला हुआ। अमरजीत सिंह खटकर को 16 मत तो दुर्गा प्रसाद कुर्रे को 11 मत प्राप्त हुए। वहीं 1 मत निरस्त हुआ। पालिका उपाध्यक्ष बनने के बाद अमरजीत सिंह खटकर को पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इसके अलावा पार्टी कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर खुशियां मनाई। इसके अतिरिक्त पालिका की अपीलीय समिति के लिये भी निर्वाचन सम्पन्न हुआ, जिसमें वार्ड क्र. 3 की भाजपा पार्षद नीलम मोनी मिश्रा एवं वार्ड क्र. 8 के कांग्रेस पार्षद पुरूषोत्तम देवांगन निर्विरोध निर्वाचित हुए।



# घर में सो रहे अधेड़ के सिर पर संघातिक वार कर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सिर पर संघातिक वार कर अधेड़ की हत्या करने का मामला सामने आया है। अधेड़ की रक्त रंजित लाश घर के अंदर ही बिस्तर पर मिली। पुलिस मामले को लेकर

**खास बात**
- बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम ठडगाबहरा की घटना

लोगों से पुछताछ कर रही है। वही घटना की जांच भी की जा रही है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम ठड़गाबहरा की है।

इस संबंध में बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना शनिवार 8 मार्च दरमियानी रात की है। ग्राम ठडगाबहरा निवासी दशरथ बंजारे गांव में ही होटल का संचालन करता था, जिसमें वह चाय एवं भजिया समोसा बेचने के काम करता था। रोज की भांती दुकान संचालन करने के बाद वह अपने घर चला गया। वहीं रात के समय खाना खाने के बाद अपने घर में सोया हुआ था, वहीं पत्नी भी दुसरे कमरे में सोने चली गई। इस बीच जब परिजन रविवार 9 मार्च की सुबह उठे तो देखा कि दशरथ बंजारे के सिर पर किसी धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई।

घर में रक्त रंजिश लाश देकर परिजनो के होश उड़ गए। मामले की सूचना बलौदा पुलिस को दी गई। इस बीच घटना को लेकर ग्रामीण भी घर के बाहर बड़ी संख्या में इक्ट्ठा हो गए। मामले की सूचना मिलने पर बलौदा थाना प्रभारी एवं उनकी टीम मौके पर पहुंची। घटना को लेकर परिजनों सहित आसपास के लोगो से भी पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद पुलिस ने मृतक दशरथ के शव का पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम की कार्यवाही के लिए सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र बलौदा लाया गया जहां पीएम की कार्यवाही कर शव परिजनों को सौप दी गई। पुलिस घटना को लेकर जांच पडताल में जुट गई है। वहीं मामले को लेकर अपराध भी कायम कर लिया गया है। इस संबंध में बलौदा थाना प्रभारी अशोक वैष्णव का कहना है कि सिर पर संघातिक वार कर प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है। घटना को लेकर लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस व एक्सपर्ट की टीम।

### चोरी के मामले में जांच तक नहीं पहुंची पुलिस

**देवरी सारागांव।** ग्राम पंचायत देवरी के भाटापारा निवासी दिलीप कुमार साहू के घर से 3 मार्च की रात अज्ञात चोरों ने नया रेंजर साइकिल चोरी कर लिया। चोरी की यह वारदात रात 12 से 1 बजे के बीच हुई। दिलीप कुमार साहू ने इस घटना की लिखित शिकायत 4 मार्च को थाना सारागांव में दर्ज कराई, लेकिन अब तक पुलिस ने मामले की जांच तक नहीं की। पीड़ित परिवार का कहना है कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद थाना सारागांव की पुलिस कार्रवाई करने में असफल रही है। इससे न सिर्फ चोरी के बढ़ते मामलों पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा, बल्कि चोरों के हौसले भी बुलंद होते जा रहे हैं। देवरी में पहले भी कई घरों में चोरी की वारदातें हो चुकी हैं, लेकिन अपराधी आज तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। स्थानीय लोगों में पुलिस की इस लापरवाही को लेकर गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर पुलिस ऐसे ही उदासीन रही तो अपराध और बढ़ सकते हैं। क्षेत्र में रात के समय गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द चोरी की घटनाओं की जांच करने और अपराधियों को पकड़ने की मांग की है, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनी रहे।

# 30 साल पुरानी पानी टंकी दे रही हादसे को न्यौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

तुस्मा में ग्रामीणों की प्यास बुझाने के लिए बनाई गई पानी की टंकी अब परेशानी का सबब बनने लगी है। टंकी का निर्माण 30 साल पहले किया गया था। समय के साथ अब टंकी की हालत जर्जर होने लगी है। टंकी का कोई न कोई हिस्सा आए दिन टूटकर गिरता रहता है। ऐसे में पानी टंकी लोगों के लिए खतरा साबित हो सकती है।

- तुस्मा में वर्ष 1994 में किया गया था टंकी का निर्माण

नवागढ़ विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा आमापारा मोहल्ला में सन 1994 से निर्मित पानी टंकी इन दिनों पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। लोग जर्जर पानी टंकी की वजह से ही पूरी तरह भयभीत है। पानी टंकी की जर्जर छत और सीढ़ी की छोटे छोटे टुकड़े गिरने से लोग काफी परेशान है। साथ ही पानी टंकी के आस-पास निवास कर रहे लोग जर्जर पानी टंकी की दयनीय स्थिति को देख काफी डरे सहमे हुए है। लोगों के मन में यह भय बना हुआ है कि कहीं पूरी टंकी ही किसी दिन भरभराकर न गिर जाए। ग्रामीणों की माने तो सन 1994 में पानी टंकी का निर्माण किया गया था। समय के साथ अब टंकी का अधिकांश हिस्सा जर्जर हो चुका है। आए दिन टंकी का कोई न कोई हिस्सा टूटकर गिरता रहता है। जर्जर होने की वजह से ही कभी भी कोई बड़ी घटना घटने से इंकार नहीं किया जा सकता है। साथ ही पानी टंकी के पास में रहने वाले जीतराम साहू, त्रिपुरारी साहू,दिलीप साहू, मनीष साहू,नूतन श्रीवास सहित सभी मोहल्लेवासियों का घर पानी टंकी की निकट में होने की वजह से इनके मन में हादसों का डर बना हुआ है। बता दे कि पानी टंकी की कई जगह पर बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गए है। छोटे छोटे मासूम बच्चे पानी टंकी के आस पास में ही खेलते कूदते हुए नजर आते हैं। अगर समय रहते हुए भी विभाग द्वारा इस दिशा में कोई उचित पहल नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में तुस्मा ग्राम में बड़ा हादसा होने से कोई टाल नहीं सकता है। साथ ही साथ विभाग की थोड़ी सी भी चूक लोगो के लिए जी का जंजाल बन सकती है। पानी टंकी की सीढ़ियां भी पूरी तरह से जर्जर होकर छोटे छोटे टुकड़े में टूट कर नीचे में गिर रहे है। साथ ही पूरी टंकी की छड़ भी झांक रही है। खास बात यह है कि इसी पानी टंकी के सहारे ही तुस्मा गांव के करीब 80 प्रतिशत आबादी पानी पीने के लिए उपयोग करते हैं। जर्जर पानी टंकी की स्थिति देखने ग्राम सरपंच सुष्मिता तरुण साहू, उपसरपंच गोपी साहू एवं समस्त पंचगण पहुंचे। सरपंच ने बताया कि जर्जर पानी टंकी की सुधार बहुत जल्द ही किया जाएगा। उन्होंने शीघ्र ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराने की बात कही है।



जर्जर पानी की टंकी।

## सरकारी दस्तावेजों को भी अब तक नहीं किया गया शिफ्ट

# जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक का भवन खंडहर में हो रहा तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर में जिला सहकारी एवं ग्रामीण विकास बैंक का पुराना भवन खंडहर में तब्दील हो रहा है। खास बात यह है कि कई साल बाद भी बैंकों के सरकारी दस्तावेजों को अब तक दूसरे जगह शिफ्ट नहीं किया जा सका है। ऐसे में सरकारी संपत्ति की दुर्गति किस तरह हो रही है इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर के भारतीय स्टेट बैंक मुख्य ब्रांच के पास पूर्व में जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक शाखा जांजगीर का संचालन किया जा रहा था। इस बैंक में जांजगीर के अलावा आसपास के गांव के किसान एवं आम लोग भी बड़े पैमाने पर पैसों का आहरण एवं जमा करने के लिए पहुंचते थे। जैसे-जैसे समय बदलता गया उसके बाद इस बैंक का संचालन वर्तमान में अलग-अलग स्थानों पर किया जा रहा है, लेकिन देखरेख के अभाव के कारण यह पुराना बैंक का भवन अब धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। इसे विभागीय उदासीनता कहे या लापरवाही ऐसे में सरकारी संपत्ति की दुर्गति हो रही है। खास बात यह है कि पूर्व में संचालित इस बैंक के कई प्रमुख दस्तावेज अभी भी पुराने भवन पर ही रखे गए हैं। आज तक इसे दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने की दिशा में कोई पहल नहीं किया जा सका है। इसके अलावा भवन में कुर्सी टेबल भी धीरे-धीरे देखरेख के अभाव में धूल खा रहे हैं, जबकि प्रशासन के द्वारा इस भवन की साफ सफाई करा कर किसी भी विभाग का संचालन किया जा सकता है, लेकिन इस पर कोई कार्यवाही नहीं हो पा रही है। जानकारों का मानना है कि पूर्व में इस भवन में ग्रामीण विकास बैंक एवं जिला सहकारी कृषि बैंक का संचालन होता था। यहां सिवनी-नैला, बनारी, धाराशिव, पाली, खोखरा समेत अन्य गांव के छोटे एवं बड़े किसानों के अलावा आम लोग भी बैंक में लेनदेन करने के लिए पहुंचते थे, लेकिन पूर्व में संचालित बैंक का भवन जर्जर हो चुका है।



देखरेख के अभाव में खंडहर में तब्दील हो रहा भवन।

# नगर पंचायत राहौद में उपाध्यक्ष का चुनाव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

नगर पंचायत राहौद में नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही उपाध्यक्ष का चुनाव 10 मार्च को होगा। नवनिर्वाचित नपं पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा शैल देवी कश्यप व नवनिर्वाचित पार्षद शपथ ग्रहण समारोह में शपथ लेंगे।

नपं राहौद में अनुविभागीय दंडाधिकारी पामगढ़ वहीदुर्रहमान शाह की उपस्थिति में सोमवार 10 मार्च को दोपहर 2 बजे नगर पंचायत कार्यालय प्रांगण में शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न होगा। वहीं अपरानह 3 बजे नगर पंचायत के सभाकक्ष में प्रथम सम्मिलन नियत किया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष और 15 पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर नपं के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है। नगर पंचायत राहौद में सोमवार को आयोजित नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में गुलाब सिंह चंदेल पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, नंदनी राजवाड़े विशेष आमंत्रित सदस्य छ.ग. भाजपा, प्रशांत सिंह ठाकुर प्रदेश आई.टी.मीडिया प्रभारी, चुनाव प्रभारी नपं राहौद, व्यास वर्मा मंडल अध्यक्ष पामगढ़, यशवंत साहू जिला महामंत्री भाजपा मंचासीन रहेंगे। समारोह में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप



### पूनम दूसरी बार बनी रजगामार पंचायत की उपसरपंच

**रजगामार।** ग्राम पंचायत रजगामार को राजनीति का गढ़ माना जाता है। जहां कांग्रेस और भाजपा दोनों अपने-अपने प्रत्याशी के लिए दाव लगा रहे थे लेकिन पुनम चौरसिया के क्षेत्रीय लोकप्रियता के कारण उन्हें कुल 21 वोटों में 13 वोट पूनम चौरसिया को प्राप्त हुए वहीं सुनिल भारद्वाज को 7 वोट प्राप्त हुए और 1 वोट रिजेक्ट हुआ। इस तरह 6 वोटों के अंतर से ऐतेहासिक जीत हासिल कर रजगामार जैसे बड़े पंचायत का उप सरपंच के रूप में विजयी घोषित की गई। पूनम चौरसिया उप सरपंच के रुप मे दूसरी बार उप सरपंच के पद पर रजगामार में काबिज की गुई हैं।

### स्मिता बनी ग्राम पंचायत ढुरेना की उप सरपंच



**कोरबा।** पंचायत चुनाव 2025 के तारतम्य में ग्राम पंचायत ढुरेना पंचायत भवन में आयोजित उप-सरपंच चुनाव में श्रीमती स्मिता लहरे ने अपने प्रतिद्वंद्वी दीपक राय कंवर को 10 के मुकाबले 11मत प्राप्त कर एक मत से चुनाव जीत लिया है, पीठासीन अधिकारी सर्वेश सोनी प्रधान पाठक बिंझरा के कुशल मार्गदर्शन व सहयोगियों सहायक पीठासीन अधिकारी बबलू खुंटे , ग्राम सचिव सुकलाल चौहान के सहयोग से शांति पूर्वक चुनाव संपन्न कराने में सफल रहे। चुनाव की सबसे बड़ी बात यह रही कि पुरे चुनाव कार्यक्रम में अतिरिक्त कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कटघोरा श्री खगेश निर्मल कर की उत्तम सहयोग व सटिक मार्गदर्शन मिला।

### केंद्रीय मंत्री व सांसद का अधिवक्ता संघ ने किया स्वागत



**कटघोरा।** केंद्रीय राज्य मंत्री एवं बिलासपुर सांसद तोखन साहू के कोरबा प्रवास के दौरान कटघोरा में अधिवक्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद दूसरी बार कोरबा पहुंचे तोखन साहू का कटघोरा छिर्रा स्थित व्यवहार न्यायालय के समीप फूलमालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया। कटघोरा अधिवक्ता संघ ने इस अवसर पर न केवल मंत्री का सम्मान किया, बल्कि अधिवक्ताओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यकताओं पर भी चर्चा की। अधिवक्ताओं ने बैठक व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं को लेकर अपनी मांगों से मंत्री को अवगत कराया। मंत्री साहू ने सभी विषयों पर गंभीरता से विचार करने और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। स्वागत समारोह में कटघोरा अधिवक्ता संघ के सैकड़ों सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे उत्साह के साथ केंद्रीय मंत्री का अभिनंदन किया।

### आस मंगलम में रंगोत्सव का रंगारंग आयोजन



**कोरबा।** शहर के यूथ को आकर्षित करने और होली को नए-नए तरीक़े से सेलिब्रेट करने में माहिर कोरबा ने एक और बड़ा धमाका करते हुए होलिका दहन के 6 दिन पूर्व ही रंगोत्सव नामक कार्यक्रम के जरिए होली का प्री-सेलिब्रेशन किया। आस मंगलम दादर रोड कोरबा में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक साईं राम शर्मा, ऋषभ केशरवानी, पिंकू रंजन एवं अन्य साथी रहे जिन्होंने इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परीक्षा से पूर्व प्री-होली के माध्यम युवाओं में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना बताया। जिसमें करीबन 5 सौ युवक युवतियों ने भाग लेकर डांस, रंगोत्सव और फोम डांस का लुफ़्त उठाया। साईं राम शर्मा ने कहा कि आमतौर पर देखा जाता है कि होली में हुड़दंग की संभावना अत्यधिक होती है लेकिन रंगोत्सव अपनी शुचिता और अपने शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सदैव याद रखा जाएगा।

गुजर बसर के लिए कोटवारों को दी गई थी जमीन

# जिले में पहली बार हुई बेची गई कोटवारी जमीन को शासन के पक्ष में दर्ज करने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गुजर बसर के लिए ग्रामीण अंचल में कोटवारों को दी गई ऐसी शासकीय भूमि जिसकी बिक्री कोटवारों के द्वारा अन्य लोगों को कर दी गई है उसे वापस शासन के पक्ष में दर्ज करने के लिए पूर्व के आदेश पर कार्यवाही शुरु करते हुए बीते एक वर्ष के दौरान 105 कोटवारी जमीन शासन के खाते में वापस दर्ज की गई है। इस कार्यवाही से कोटवारी जमीन के मालिक बने पक्षकारों में हड़कंप मच गया है।

ग्रामीण अंचलों में बड़े पैमाने पर कोटवारी जमीनों के बिक्री के मामले लगातार सामने आते रहे हैं। जिला प्रशासन तक ऐसे मामलों की शिकायतें भी पहुंचती रही है किंतु किसी भी प्रशासनिक अधिकारी ने प्रशासन के उस आदेश पर अमल करने में गंभीरता नहीं दिखाई जिसमें इसका स्पष्ट उल्लेख है कि अगर कोई कोटवारी जमीन किसी अन्य को बिक्री कर दी गई है तो उसे वापस शासन के पक्ष में दर्ज किया जाए। कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में कोटवारी जमीन के बेचने का काम कोटवार और उनके परिजन बेधड़क करते रहे। परिणाम स्वरुप आम पक्षकारों में प्रशासनिक कार्यवाही का भय भी नहीं रहा और कोटवारी जमीन की खरीदी बिक्री ग्रामीण अंचलों में बेधड़क होती रही। कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में शिकायतें भी कम होती गई किंतु कलेक्टर अजीत वसंत अपनी पदस्थापना के बाद से शासकीय भूमि में हुए अवैध कब्जे को हटाने विभागीय जमीन के निजी लोगों को हस्तांतरित किए जाने जैसे मामलों को जब कार्यवाही शुरु की तब कोटवारी जमीन की बिक्री का मामला उनके सामने आया। इस मामले की जब उन्होंने अपने स्तर पर विभागीय जांच शुरु की तो बड़े पैमाने में कोटवारी जमीन अन्य लोगों को बिक्री किए जाने की पुष्टि हुई। उसके बाद पटवारी हल्के अनुसार रिकार्ड मांगा गया और फिर एक एककर कार्यवाही शुरु की गई।

#### खास बात

- पिछले एक वर्ष में 105 कोटवारी जमीन को शासन ने लिया वापस



फाइल फोटो

#### कोटवारी जमीन का विवरण

सेवा भूमि के कुल खसरों की संख्या 1982, रकबा 431 हेक्टेयर, कोटवारी भूमि के अहस्तांतरित शब्द दर्ज कुल 1953 खसरों में पिछले एक वर्ष के दौरान 105 कोटवारी भूमि को शासन के पक्ष में हस्तांतरित किया गया है। वहीं 29 खसरों में अहस्तांतरित शब्द दर्ज नहीं है। इसके अलावा 78 खसरों का विक्रय किया गया है। इन खसरों में 63 खसरे नंबर की जमीन की एक बार बिक्री की गई है वहीं 15 खसरों की जमीन की बिक्री एक से अधिक बार की गई है।

**पटवारी हुआ निलंबित-** रतला तहसील अंतर्गत चोरभट्ठी हल्के के पटवारी को निलंबित करने की कार्यवाही 20 दिन पूर्व ही की है जिसके द्वारा लगभग 2 सौ एकड़ से अधिक शासकीय जमीन को निजी खाते में दर्ज कर दिया था। इस मामले की शिकायत कलेक्टर को होने पर उन्होंने एसडीएम को जांच के आदेश दिए थे जिसमें पटवारी के द्वारा किए गए फर्जीवाड़े की पुष्टि हुई जिसपर कार्यवाही की गई।

#### ग्रामीण अंचलों में सक्रिय हैं भूमाफिया

ग्रामीण अंचलों में भूमाफिया सक्रिय हैं जिनके द्वारा पुराने राजस्व रिकार्ड के आधार पर सरकारी जमीनों को नंबरी जमीन बताकर खरीदी बिक्री का काम लंबे समय से करते आ रहे हैं। कोटवारी जमीन की बिक्री का कार्य भी ऐसे ही दलालों के द्वारा की गई है। जिनकी तहसील कार्यालय में अच्छी पैठ हैं वहीं कोटवार भी तहसील कार्यालय लगातार आते जाते रहते हैं। जिससे कोटवारों का संपर्क भूमाफियाओं से हो जाता है।

#### होगी कार्यवाही

जिले में ऐसी सभी भूमि जो सरकारी हैं और कोटवारों को दी गई है जिनकी बिक्री हो गई है उन्हें शासन के खाते में हस्तांतरित किया जाएगा और इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

-अजीत वसंत, कलेक्टर

# अज्ञात वाहन ने कांस्टेबल की बाइक को मारी टक्कर, मौत



घटना स्थल पर पड़ा कांस्टेबल का शव। (इंसेट में मृतक कांस्टेबल)

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका थाने में पदस्थ कांस्टेबल की सड़क हादसे में मौत हो गई। शुक्रवार की रात कांस्टेबल भूपेंद्र कंवर अपने गृहग्राम कटघोरा से नाइट ड्युटी के लिए निकला था। इसी दौरान अचानक एक तेज रफ्तार वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे अपनी चपेट में लिया और इस सड़क हादसे में भूपेन्द्र कंवर की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार घटना बांकी मोगरा थाना क्षेत्र के जावली मुख्य मार्ग पर घटित हुई। रफ्तार का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि टक्कर के दौरान कांस्टेबल व बाइक दोनों दूर जा गिरे। हादसे में कांस्टेबल के सिर में गंभीर चोट आई। राहगीरों ने तुरंत इसकी सूचना डायल 112 को दी। उन्हें कटघोरा स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

#### खास बात

- नाइट ड्यूटी के लिए निकला था आरक्षक, सिर में आई गंभीर चोट

#### हादसे के बाद आरोपी चालक हुआ फरार

हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। मृतक आरक्षक की पत्नी और दो बच्चों का पालन-पोषण कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। बाकी मोगरा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। इस घटना से पुलिस परिवार में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी वाहन चालक की तलाश जारी है।

## पत्थर में अटका मिला लापता युवक का शव, पुलिस जुटी जांच में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांगो पुलिस थाना के अंतर्गत मोरगा में अंकित जायसवाल नामक युवक का शव हसदेव नदी में मिल गया है। वह पत्थर के पास अटका हुआ मिला, तीसरे दिन इसकी तलाश हो सकी। पुलिस ने पंचनामा के साथ इस मामले में मर्ग कायम किया और मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जिला मुख्यालय कोरबा से लगभग 100 किलोमीटर दूर 3 दिन पहले यह घटना घटित हुई थी। अंकित जायसवाल अकेले नहाने के लिए हसदेव नदी गया हुआ था। नदी का फ्लो ज्यादा होने पर वह एक उसी के साथ हो लिया और किनारे नहीं आ सका। अंकित के पिता जोगेंद्र जायसवाल उत्तर प्रदेश और झारखंड को छत्तीसगढ़ से जोड़ने वाले नेशनल हाईवे संख्या 130बी पर मोरगा पर ढाबा का संचालन करते हैं, पिछले के वर्षों से वह यहां पर मौजूद है। घटना दिवस को काफी समय तक अंकित की वापसी नहीं होने पर उन्होंने संज्ञान लिया और यहां वहां तलाश की और स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी मरकाम को अवगत कराया गया। पहले दिन गोताखोर की मदद अंकित की तलाश में ली गई।

इसी प्रकार के नतीजे नहीं आने पर दूसरे दिन होमगार्ड कोरबा यूनिट और स्टेट डिजास्टर रेस्पॉन्ड फोर्स को इस काम में लगाया गया तब भी लापता अंकित का कोई पता नहीं चल सका। शनिवार की सुबह हसदेव के किनारे सर्च ऑपरेशन तेज किया गया। इस दौरान एक चट्टान के पास अंकित का शव देखा गया, जो दूरी से बहते हुए यहां पर अटक गया था। परिजनों ने इसकी पहचान अंकित जायसवाल के रुप में की। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## रेड क्रॉस सोसाइटी ने छात्र पार्थ को भेंट किया श्रवण यंत्र

**कोरबा।** जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा आए दिन जनहित में व्हीलचेयर चेयर, वाटर फ्रिज, श्रवण यंत्र सहित सामाजिक गतिविधियों में सेवा भाव से कार्यरत है। इसी कड़ी में जमनी पाली निवासी मनोज राठौर के पुत्र पार्थ राठौर जो नाबालिक है एक कान से सुनाई नहीं देने के चलते रेड क्रॉस सोसाइटी के समक्ष श्रवण यंत्र के लिए आवेदन दिया था। जिस पर रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन राम सिंह अग्रवाल, वाइस चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद तिवारी, राज्य प्रतिनिधि योगेश जैन व प्रबंध कार्यकारणी विनोद कुमार सिन्हा के संयुक्त तत्वाधान में पार्थ राठौर को श्रवण यंत्र समर्पित किया गया इस पर पार्थ के पिता ने जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रति आभार जताया।




श्रवण यंत्र का वितरण करते अतिथि।

## शहर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने चलाया बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शहर की बेशकीमती शासकीय जमीनों पर बेजा कब्जा कर निर्माण कार्य करने वालों के कथित आरोपों पर नगर निगम द्वारा सख्त कार्यवाही का दौर एक बार फिर से शुरु हो गया हैं। लोगों की शिकायत के आधार पर वार्ड नंबर चार राताखार में अतिक्रमण कर बनाए गए मकान को निगम के तोड़ू दस्ते ने तोड़ दिया। इसी तरह निगम के कई अधिकांश वार्ड में भी अवैध कब्जा हुआ है जिस पर कार्रवाई होना बाकी है। बताया जा रहा हैं की कोरबा के निगम प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही एक बार फिर से शुरु कर दी हैं। शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए मकान को निगम के तोड़ू दस्ते ने तोड़ दिया। मामला नगर निगम के वार्ड नंबर चार राताखार बस्ती का है। जहां के कुछ स्थानीय लोगों ने एक महिला द्वारा शासकीय जमीन पर कब्जा कर अवैध रुप से मकान बनाए जाने की शिकायत की थी, जिसके बाद निगम का तोड़ू दस्ता मौके पर पहुंचा और बुलडोजर की सहायता से मकान को तोड़ दिया। मकान को नहीं तोड़े जाने की महिला ने काफी मिन्नतें की लेकिन निगम ने उसकी एक ना सुनी और मकान को तोड़ दिया।

## कटघोरा व पाली में आयोजित हुआ उद्यमिता जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोरबा द्वारा कटघोरा एवं पाली में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन कर प्रतिभागियों को विभिन्न विभागीय योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई।

कटघोरा के शासकीय मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय में आयोजित विकासखंड स्तरीय एक दिवसीय शिविर में विभागीय अधिकारीयां द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना स्टार्ट अप इंडिया एवं स्टैंडअप इंडिया जैसे केन्द्रिय योजनाओं एवं छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के बारे में विस्तार के जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बडौदा कटघोरा के शाखा प्रबंधक द्वारा स्वरोजगार योजनाओं में बैंक की भूमिका विषय पर सार्थक रूप से विचार व्यक्त किया गया। साथ ही अन्य सदस्यों द्वारा उद्यमिता आज की जरूरत विषय पर रोचक ढंग से विचार प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार पाली के आईटीआई में आयोजित एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर में छत्तीसगढ़ शासन की औद्योगिक नीति 2024-30 के अंतर्गत स्थायी पूंजी अनुदान, ब्याज अनुदान, स्टाम्प शुल्क एवं रियायतें तथा विभिन्न विभागीय योजनाएं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत विनिर्माण क्षेत्र फ्लाई ऐश ब्रिक्स, दोना पत्तल निर्माण, अगरबत्ती निर्माण आदि सेवा क्षेत्र, च्वाईस सेंटर, मोबाइल रिपेयरिंग, टेंट हाउस इत्यादि में ऋण सुविधाओं साथ ही प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना पीएमएफएमई आचार, पापड़, बड़ी आदि निर्माण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।



प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित उद्योग विभाग के अधिकारी।

## पीजी कॉलेज में कैम्पस प्लेसमेन्ट का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय इंजीनियर विश्वेसरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को कैम्पस प्लेसमेन्ट का आयोजन किया गया। शासकीय इंजीनियरविश्वेसरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं प्रिज्म कॉलेज ऑफ इंस्टीट्यूशन भिलाई के संयुक्त तात्वाधान में इस कैम्पस प्लेसमेन्ट का प्रथम चरण स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ.शिखा शर्मा ने रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम एवं शिक्षा का वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महत्ता पर जोर देते हुये छात्र-छात्राओं को उज्वल भविष्य की कामना की। प्रिज्य कॉलेज ऑफ इंस्टीट्यूशन भिलाई से आईं डी स्वप्निल समिता जाना, डायरेक्टर प्लेसमेन्ट ट्रेनिंग ऑफिसर एवं श्री आशीष साहू असिस्टेंट डायरेक्टर ट्रेनिग ऑफिसर ने छात्र-छात्राओं को प्लेसमेन्ट से संबंधित विभिन्न चरणों, कार्य प्रणाली के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रथम चरण के अंतर्गत उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं का पंजीयन कर स्क्रीनिंग टेस्ट के तहत अभिरुचि परीक्षण, ओएमआर फार्म हार्ड कापी के माध्यम से लिया गया। यह प्लेसमेन्ट कार्यकम इस महाविद्यालय एवं प्रिज्य कॉलेज ऑफ इंस्टीट्यूशन भिलाई के साथ एमओयू त्रिवर्षीय अनुबंधन के साथ आयोजित किया गया है।

## बिजली कर्मियों की हड़ताल श्रम न्यायालय ने किया अवैध घोषित

**कोरबा।** श्रम न्यायालय रायपुर ने बिजलीकर्मियों के संगठन छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ के 10 मार्च के प्रस्तावित एक दिवसीय सामूहिक अवकाश व विरोध प्रदर्शन को अवैध घोषित कर दिया है। न्यायालय ने 7 मार्च को जारी आदेश में संघ व्दारा प्रस्तावित 10 मार्च को एकदिवसीय सामूहिक अवकाश तथा 17 मार्च से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन निषेधित किया है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) एएम परियल ने कहा कि माननीय श्रम न्यायालय 01 रायपुर, श्रीमती विभा पांडेय के कोर्ट में संघ के 10 मार्च के एक दिवसीय सामूहिक अवकाश व विरोध प्रदर्शन तथा 17 मार्च से क्षेत्रीय व मुख्यालय स्तर पर अनिश्चितकालीन सामूहिक धरना प्रदर्शन पर स्थगन देने की अपील की गई थी।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- एलर्जी जाँच एवं इम्यूनोथेरेपी
- गले की लेजर सर्जरी
- खर्राटो का ईलाज
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- दांतों में ज्वेलरी लगाना
- बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग — 24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप जैन M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट डॉ. सुमिता जैन B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीजर (खतना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
- पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं: मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि।
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661




# नाना की 'वनवास' ओटीटी से पहले टीवी पर देगी दस्तक...

**मुंबई।** नाना पाटेकर की फिल्म 'वनवास' को बीते साल 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इस फिल्म की कहानी एक पिता और बेटे के रिश्ते पर आधारित है। फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह औंधे मुंह गिरी। इस फिल्म ने टिकट खिड़की पर 4.94 करोड़ रुपये कमाए थे। अब 'वनवास' अपने टेलीविजन प्रीमियर के लिए तैयार है। आइए बताते हैं यह फिल्म आप टीवी पर पहली बार कब और कहां देख पाएंगे। 'वनवास' का टीवी पर प्रीमियर आज 8 मार्च, को रात 8 बजे जी सिनेमा पर होगा। पाटेकर ने लिखा, 'अपनों की अहमियत का एहसास दिलाने वाली, एक अपनी सी कहानी। देखिए ओटीटी से पहले टीवी पर।'

लाइफ Style

# जाह्नवी

## डेब्यू से पहले ठुकराई थी महेश बाबू की फिल्म

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी और फिल्म निर्माता बोनी कपूर की बेटी जाह्नवी कपूर का नाम उन अभिनेत्रियों में शुमार है, जिन्होंने स्टारकिड होने के बाजवूद कड़ी मेहनत कर बहुत ही कम समय में इंडस्ट्री में बड़ा नाम कमाया है। आज यानी 6 मार्च को जाह्नवी अपना 28वां जन्मदिन मनाई।

जाह्नवी फिल्म 'धड़क' (2018) के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था, लेकिन क्या आप जानते हैं बॉलीवुड डेब्यू से पहले जाह्नवी ने महेश बाबू की फिल्म ठुकराई थी। 'गजनी' और 'स्पाइडर' जैसी फिल्में बना चुके निर्देशक एआर मुरुगदॉस एस समय जाह्नवी को दक्षिण भारतीय सिनेमा में लॉन्च करना चाहते थे। उन्होंने जाह्नवी को महेश बाबू के साथ एक फिल्म में कास्ट करने का प्रस्ताव भी दिया था, लेकिन उन्होंने ये ऑफर ठुकरा दिया। एक इंटरव्यू में खुद जाह्नवी ने इसका खुलासा किया था। उन्होंने कहा, मैं उस समय समझ नहीं पाई कि मुझे क्या करना है। मुरुगदॉस सर ने मुझे माता-पिता से बात करने की सलाह दी थी। जाह्नवी ने बीते साल जूनियर एनटीआर की फिल्म 'देवरा' के जरिए तेलुगु सिनेमा में कदम रखा था। इस फिल्म में उनके काम को काफी सराहा गया था। जाह्नवी के पास एक और तेलुगु फिल्म है, जिसका नाम 'आरसी16' है। इसमें उनके जोड़ीदार राम चरण होंगे।इसके अलावा जाह्नवी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के साथ वरुण धवन के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को रिलीज होगी। जाह्नवी के पास फिल्म 'परम सुंदरी' भी है।



हॉलीवुड मसाला



# महिला दिवस पर दी शुभकामनाएं

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'स्नो व्हाइट' एक लोककथा है जिस पर वर्षों से एनिमेटेड कॉर्टून, फिल्में बनती रही हैं। जल्द ही एक और फिल्म डिज्नी इस कहानी पर लेकर आ रहा है। इसमें स्नो व्हाइट के रोल में रेचल जेलगर हैं। वहीं गैल गैडोट एक बुरी रानी का रोल कर रही हैं। हाल ही में इस फिल्म की कुछ झलकियां डिज्नी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर साझा की, जिसमें रेचल जेलगर और गैल गैडोट महिला दिवस की बधाई भी दे रही हैं। डिज्नी द्वारा साझा किए गए वीडियो में रेचल जेलगर और गैल गैडोट महिला दिवस सबसे पहले बधाई देती हैं।



# मावरा ने जताई रणबीर के साथ काम करने की इच्छा

**मुंबई।** अभिनेत्री मावरा होकेन इन दिनों अपनी निजी जिंदगी के साथ-साथ पेशेवर जिंदगी को लेकर भी चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने पाकिस्तानी अभिनेता अमीर गिलानी से निकाह किया है, वहीं साल 2016 में आई उनकी सुपरहिट फिल्म 'सनम तेरी कसम' भी दोबारा सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म धमाल मचा रही है। अब इस बीच मावरा ने रणबीर कपूर के साथ काम करने की इच्छा जताई है। आइए जानें उन्होंने क्या है। इंस्टेंट बॉलीवुड के साथ बातचीत में जब मावरा से पूछा गया कि वह बॉलीवुड में किसके साथ काम करना चाहेंगी तो उन्होंने तुरंत रणबीर का नाम लिया। उन्होंने कहा, मैं रणबीर कपूर के साथ काम करना चाहती हूं। मैं उनके साथ 'रॉकस्टार' जैसी फिल्में करना पसंद करूंगी। बता दें मावरा ने 'सनम तेरी कसम' के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू किया था।



# रणवीर के साथ बनती बनती रह गई जोड़ी

**मुंबई।** आने वाले दिनों में पर्दे पर कई नई जोड़ियां देखने को मिलेंगी इन्हीं में से एक थी रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी की जोड़ी।फिल्म 'डॉन 3' के लिए दोनों साथ आ रहे थे, लेकिन अब खबर है कि अभिनेत्री इस फिल्म से बाहर हो गई हैं। चर्चा है कि उन्होंने प्रेग्नेंसी की वजह से फिल्म छोड़ने का फैसला किया है, जिसके बाद रणवीर-कियारा को साथ देखने का इंतजार कर रहे प्रशंसक मायूस हो गए हैं।'डॉन 3' पर फिर से संकट के बादल मंडराने लगे हैं। साल 2023 में फरहान अख्तर ने जब से रणवीर के साथ फिल्म की घोषणा की है, तभी से यह ऊहापोह जैसी स्थिति में है। हालांकि, बीते दिनों कहा गया था कि 2025 में इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी, वहीं अब खबर है कि फिल्म की लीड हीरोइन कियारा ने इससे किनारा कर लिया है।



# पहले मिला था मोगैंबो बनने का ऑफर

**मुंबई।** अनुपम खेर बॉलीवुड के उन सितारों में शुमार हैं, जिन्होंने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों के दिलों अपनी एक खास जगह बनाई है। हालांकि, इस मुकाम पर पहुंचने के लिए उन्होंने काफी मेहनत भी की है। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत फिल्म 'सारांश' से की थी। इसके बाद उन्होंने मुड़कर नहीं देखा। अनुपम ने आज 7 मार्च को अपना 70वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर आपको बताएंगे कि अमरीश पुरी से पहले मोगैंबो बनने कर ऑफर अनुपम को मिला था। 'मिस्टर इंडिया' हिंदी सिनेमा की यादगार फिल्मों में शुमार है। फिल्म का किरदार मोगैंबो भले ही अमर हो गया, लेकिन शायद ही आप इस बात से वाकिफ होंगे किइस भूमिका के लिए निर्देशक शेखर कपूर की पहली पसंद अमरीश पुरी नहीं, बल्कि अनुपम खेर थे। निर्माता बोनी कपूर भी अनुपम की कास्टिंग से संतुष्ट थे।

टीवी मसाला



# हर्षद और शिवांगी संग दिखे नए शो की शूटिंग करते हुए

**मुंबई।** हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी, टीवी सीरियल की दुनिया में जाना-माना नाम हैं। दोनों ने कई हिट सीरियल्स अलग-अलग दिए हैं, दर्शकों का खूब मनोरंजन किया है। हाल ही में इन दोनों को एक नए सीरियल की शूटिंग करते हुए देखा। सीरियल के नाम को लेकर अभी काफी दुविधा भरा माहौल है। सोशल मीडिया पर सिर्फ सीरियल के नाम को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं।

## शिवांगी-हर्षद को साथ देखकर खुश फैंस

सोशल मीडिया पर शिवांगी और हर्षद का नए सीरियल की शूटिंग वाला वायरल वीडियो इनके फैंस को खूब भाया है। इस जोड़ी को साथ देखकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें दोनों एक गाड़ी में बैठे दिख रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दोनों एक्टर्स नए सीरियल के प्रोमो की शूटिंग कर रहे हैं।

## रुपाली बोली-'टीवी की दुनिया ने हमेशा महिलाओं को सम्मान दिया'

**मुंबई।** रूपाली गांगुली लगभग पांच साल से सीरियल 'अनुपमा' में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। यह सीरियल आम महिलाओं की समस्याओं को भी अपनी कहानी के जरिए दिखाता है। साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनने का संदेश भी देता है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान रुपाली गांगुली ने अपने टीवी सीरियल में काम करने के अनुभव, यहां के माहौल के बारे में बात की। हाल ही में जूम को दिए गए इंटरव्यू में रुपाली गांगुली कहती हैं, 'टीवी जैसी कोई और इंडस्ट्री हो ही नहीं सकती है। यह एक अच्छी जगह है। यहां आपको काबिलियत पर काम मिलता है। मैं आज भी ऑडिशन देती हूं। लेकिन इस इंडस्ट्री ने महिलाओं को बहुत सम्मान दिया है। महिला कलाकारों को यहां रानियों की तरफ ट्रीट किया जाता है। रुपाली गांगुली ने इंटरव्यू में शाहरुख खान की भी तारीफ की। वह कहती हैं, 'शाहरुख खान ने अपनी फिल्मों में हीरोइन का नाम खुद से पहले दिन की एक अच्छी पहल की है। यह एक बड़ा बदलाव है। मैं भी फिल्मी बैकग्राउंड से आती हूं। मेरे पिता वूमेन सेंट्रिक फिल्में बनाते थे।





# हिमेश ने 'बैडएस रविकुमार' के सीक्वल पर लगाई मुहर

**मुंबई।** हिमेश रेशमिया को फिल्म 'बैडएस रविकुमार' से बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। उनकी यह फिल्म 7 फरवरी को रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर इसने केवल 10.98 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, जबकि इस फिल्म का बजट 20 करोड़ रुपये था। अब हिमेश ने 'बैडएस रविकुमार' के सीक्वल पर मुहर लगा दी है। इसके साथ उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म की कहानी 90 के दशक पर आधारित होगी। जूम के साथ खास बातचीत में हिमेश ने कहा, फिल्म का पहला 80 के दशक पर आधारित था और अब आने वाली किस्त 90 के दशक की खोज करेगी। सीक्वल 90 के दशक में सेट होने जा रहा है। कई कलाकार अपने-अपने किरदार को दोहराते नजर आएंगे और कुछ नए इसमें शामिल होंगे। बहुत कुछ अलग होगा। हिमेश ने प्रशंसकों का आभार जताते हुए कहा, लोगों ने बहुत प्यार दिया। मैं वाकई बहुत खुश और आभारी हूं।

***'बैडएस रविकुमार' में नजर आए ये कलाकार :*** 'बैडएस रविकुमार' का निर्देशन कीथ गोम्स ने किया है, वहीं फिल्म का निर्माण खुद हिमेश ने किया था। फिल्म की कहानी हिमेश ने कुशल वेद बख्शी के साथ लिखी। इस फिल्म में हिमेश के अलावा प्रभु देवा, सिमोना जे, कीर्ति कुल्हारी, जॉनी लीवर, संजय मिश्रा, सनी लियोनी और मनीष वाधवा जैसे कलाकार भी नजर आए। बता दें कि 'बैडएस रविकुमार' में सिनेमा के रेट्रो दौर को दिखाया गया है। हालांकि, फिल्म की कहानी लोगों की पसंद नहीं आई।

# इब्राहिम अली की 'नादानियां' से 'दुपहिया' तक इस हफ्ते ओटीटी पर होगा धमाल...

*__मुंबई।__ हर हफ्ते की तरह मार्च का यह पहला हफ्ता भी दर्शकों के लिए खास होने वाला है, क्योंकि कुछ ऐसी फिल्में और वेब सीरीज उनके बीच आने वली हैं, जिनका इंतजार लंबे समय से किया जा रहा था। अगर आपकी घर से बाहर निकलने की कोई योजना नहीं है या आप ओटीटी पर कंटेंट देखने के शौकीन हैं तो शानदार फिल्मों और सीरीज की फेहरिस्त आपके लिए तैयार है।*

*__'नादानियां'__ : सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान की पहली फिल्म 'नादानियां' सीधे ओटीटी पर रिलीज हो रही है। इसमें उनके साथ खुशी कपूर नजर आएंगी। दिल्ली के रईस घर की लड़की और नोएडा के मध्यम वर्गीय परिवार के लड़के की यह कहानी 2 अलग-अलग दुनिया में प्यार, पहचान और मॉर्डन रिश्तों की पड़ताल करती है। फिल्म में दीया मिर्जा, जुगल हंसराज, सुनील शेट्टी और महिमा चौधरी भी हैं। 'नादानियां' 7 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।*




*__'दुपहिया'__: इस वेब सीरीज का मिजाज भी कुछ-कुछ 'पंचायत' जैसा ही है। लिहाजा यह भी आपके लिए मनोरंजन की गांरटी बन सकती है। कहानी बिहार के एक काल्पनिक गांव धड़कपुर की है। एक ऐसा गांव, जहां 25 साल से कोई अपराध नहीं हुआ है। इस मजेदार वेब सीरीज में गजराज राव, स्पर्श श्रीवास्तव, रेणुका शहाणे, भुवन अरोड़ा और यशपाल शर्मा जैसे कलाकार हैं। 'दुपहिया' भी 7 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है।*

*__'रेखाचित्रम'__: बीते कुछ समय में मलयालम सिनेमा की कहानियों ने हिंदी दर्शकों का भी खूब दिल जीता है। 'रेखाचित्रम' इसी कड़ी में एक बढ़यि एंटरटेनर साबित होती है। इसकी कहानी सर्किल इंस्पेक्टर विवेक गोपीनाथ (आसिफ अली) की है, जिसे सस्पेंड होने के बाद फिर बहाल किया जाता है। उसे मलक्कापारा के शांत शहर में नियुक्ति मिलती है। यह फिल्म 7 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर स्ट्रीम हो गई। खास बात यह है कि आप इसे हिंदी में भी देख सकेंगे।*

*__'गेम चेंजर'__: राम चरण और कियारा आडवाणी की फिल्म 'गेम चेंजर' अब ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल दिखा नहीं पाई। बता दें कि गेम चेंजर कन्नड़, तमिल, तेलुगु और मलयालम में ओटीटी पर रिलीज हो चुकी थी और अब फिल्म हिंदी में 7 मार्च को जी5 पर रिलीज होने चुकी है। राम चरण के अभिनय की फिल्म में खूब तारीफ हुई थी।*

# राधिका अब संभालेंगी निर्देशन की कमान

## इन अभिनेत्रियों ने भी ये काम कर कमाया नाम

**मुंबई।** राधिका आप्टे उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जिन्होंने अपनी दमदार अदाकारी से न सिर्फ बड़े पर्दे, पर बल्कि ओटीटी पर भी अपनी धाक जमाई है। अभिनय जगत में खुद को साबित करने के बाद अब राधिका निर्देशन की दुनिया में हाथ आजमाने वाली हैं। वह 'कोयता' नाम की एक्शन फैंटेसी फिल्म लेकर आ रही हैं, जो हिंदी के साथ-साथ मराठी में भी रिलीज होगी। बताया जा रहा है कि पर्दे के पीछे काम करने को लेकर राधिका बड़ी उत्साहित हैं।

### क्या होगी फिल्म की कहानी?

इस फिल्म की कहानी एक युवा प्रवासी महिला की है, जो गन्ना काटने का काम करती है। उसे एक चिकित्सा प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, जिससे उसे कुछ शक्तियां मिलती हैं। फिर वह इन शक्तियों का उपयोग अपने परिवार का कर्ज उतारने के लिए काती है। यह एक महिला केंद्रित फिल्म है, जिस पर पैसा विक्रमादित्य मोटवानी लगा रहे हैं, जो पिछली बार अनन्या पांडे अभिनीत फिल्म 'सीटीआरएल' लेकर आए थे।

### पिछले साल दिसंबर में मां बनी थीं राधिका

पिछली बार राधिका अपने बच्चे को लेकर सुर्खियों में आई थीं। दिसंबर, 2024 में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने फैंस को खुशखबरी दी थी। राधिका ने बेटी को जन्म देने के लगभग 1 हफ्ते बाद अपने प्रशंसकों को यह खुशखबरी सुनाई थी। अभिनेत्री ने ब्रेस्ट फीड करवाते हुए अपनी एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की थी। बता दें कि राधिका को आखिरी बार फिल्म 'सिस्टर मिडनाइट' में देखा गया था, जिसे कान्स फिल्म फेस्टिवल में भी दिखाया गया था।



### इन अभिनेत्रियों ने पहनी निर्देशक की टोपी

वैसे राधिका से पहले कई अभिनेत्रियां निर्देशन में उतरकर पर्दे के पीछे भी अपना लोहा मनवा चुकी हैं। अभिनय जगत में नाम कमाने के बाद कंगना रनौत ने 'मणकर्णिका' और 'इमरजेंसी' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर खूब लोकप्रियता हासिल की। कोंकणा सेन ने साल 2017 में फिल्म 'डेथ इन ए गंज' का निर्देशन किया था। इस फिल्म में अभिनेता विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में थे। उधर नंदिता दास ने 'मंटो', 'फायर' और 'ज्विगाटो' जैसी कई बेहतरीन फिल्में निर्देशित कीं।

### *कई बेहतरीन फिल्मों का हिस्सा रहीं राधिका*

*राधिका उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जो अपने दम पर फिल्म को सफल बनाने का माद्दा रखती हैं। उन्होंने कई फिल्मों को अपनी बेहतरीन अदाकारी से सजाया है। फिल्म 'अंधाधुन' में उनके अभिनय को खूब सराहा गया था। जी5 पर आई फिल्म 'फोरेंसिक' में भी राधिका ने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों का दिल भी जीत लिया था। 'फोबिया' और 'मोनिका ओ माय डार्लिंग' में भी अपने काम से राधिका ने जमकर वाहवाही लूटी थी।*

# सोनू सूद की फिल्म 'फतेह' अब घर बैठे ओटीटी पर देखें

**मुंबई।** सोनू सूद की फिल्म 'फतेह' 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। आलम यह रहा कि फिल्म अपनी लागत भी नहीं वसूल पाई। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 19 करोड़ रुपये का कारोबार किया, वहीं फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपये था। अगर आप 'फतेह' को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए तो अब आप इसे घर बैठे ओटीटी पर देख सकते हैं। 'फतेह' ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर दस्तक दे चुकी हैं। निर्माताओं ने खुद इसकी पुष्टि की है। यह फिल्म ऑनलाइन धोखाधड़ी और सुरक्षा के विषयों पर आधारित है, जो डिजिटल युग के काले रहस्यों को उजागर करती है। सोनू न सिर्फ 'फतेह' के हीरो हैं, बल्कि इसके निर्देशन की जिम्मेदारी भी उन्होंने ही संभाली है। फिल्म में जैकलीन फर्नांडिस के साथ सोनू की जोड़ी बनी है। नसीरुद्दीन शाह और विजय राज भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।



## खबर संक्षेप

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा



**फगुरम।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील इकाई अड़भार की मासिक बैठक शनिवार 8 मार्च को को ग्राम सुलौनी में दोपहर 1 बजे से हुई। पेंशनरों ने 3 प्रतिशत मंहगाई भत्ता पिछले जुलाई से देने विचार विमर्श किया। सहायक शिक्षको को तृतीय समय मान वेतन मान 30 वर्ष सेवा पूरी करने पर भी शासन द्वारा ध्यान नहीं देने से पेंशनरोंने नाराजगी व्यक्त किया। साथ ही न्यायालय जाने की बात कही। बैठक महिला सशक्तिकरण दिवस पर अड़भार तहसील इकाई में महिला तहसील अध्यक्ष श्रीमती रामावती भट्ट के विशेष आग्रह पर सुलौनी स्कूल में बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में समेलाल बरेठ , श्यामलाल साहू, पतिराम साहू, हीरामणी वर्मा, जयसिंह गवेल, रम्हैयालाल यादव, कन्हैया लाल यादव, राधेलाल यादव, देवसिंह यादव, श्याम कुमार कटवार,नवल किशोर देवांगन, पूरनसिंह मरावी, हीरामणी ढेढे,विनय चौबे, बृन्दाप्रसाद गवेल, ओमप्रकाश गवेल, देवेन्द्र कुमार साहू, उपस्थित रहे।

### एमबी रोकड़े स्मृति में 23 वां वार्षिक संगीत समारोह आज

**अकलतरा।** स्व. एम बी रोकड़े स्मृति में 23 वां वार्षिक संगीत समारोह का आयोजन 10 मार्च को नगर के लिखमानिया धर्मशाला में किया जाएगा । कार्यक्रम में शास्त्रीय गीत एवं संगीत के क्षेत्र के प्रसिद्ध कलाकार भाग लेंगे। शास्त्रीय गायन के लिए कलकत्ता के ए के गुरुदत्त अपनी प्रस्तुति देंगे। ये पटियाला घराने के सुप्रसिद्ध गायक एवं गुरू अजय चक्रवर्ती के शिष्य हैं एवं पारंपरिक खयाल के साथ साथ ठुमरी,बंगाली रबिंद्र संगीत तथा तुलसी दास के हिंदी गीत भी गाते हैं। सुगम गायन के क्षेत्र में ग्राम चोरिया के नवोदित कलाकार देवेंद्र श्रीवास के नेतृत्व में खैरागढ़,दुर्ग भिलाई,रायपुर एवं बिलासपुर कोरबा के कलाकार कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का परिचय देंगे। ये भारतीय रेलवे बिलासपुर में सांस्कृतिक कलाकार के रूप में कार्यरत हैं। साथ ही नगर की एकता कथक क्लास की संचालिका एकता अग्रवाल के निर्देशन में छात्राओं के द्वारा कथक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। विदित हो कि स्व एम बी रोकड़े स्मृति आयोजन समिति के द्वारा सन 2002 से प्रतिवर्ष शास्त्री गीत, संगीत एवं नृत्य का उच्च स्तरीय आयोजन किया जाता रहा है जिसमें देश के सुप्रसिद्ध कलाकार नगर में अपनी प्रस्तुति देते हैं एवं दूर दूर से शास्त्रीय संगीत प्रेमी देखने सुनने के लिए प्रतिवर्ष यहां आते हैं। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ 13 से

**बिर्रा।** स्थानीय दाऊमुहल्ला स्थित कश्यप निवास में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ गुरुवार 13 मार्च से शुरू होगा। कथावाचक आचार्य देवकृष्ण महराज के कथा का रसपान कराएं गे। 13 मार्च को कलशयात्रा वेदीपूजन महात्म्य को कथा प्रारम्भ होगा। 14 मार्च को अवतार वर्णन परीक्षित शाप, 15 मार्च को कपिल उपाख्यान नरसिंह कथा, 16 मार्च को वामन अवतार श्री राम प्राकट्य, 17 मार्च को बाल लीला गोर्वधन महारास, 18 मार्च को कंस वध रक्खमणी मंगल, 19 मार्च को सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष, 20 मार्च को हवन सहस्त्रधारा के साथ कथा समापन होगा। भगवान प्रसाद कश्यप, घनश्याम कश्यपमुख्य यजमान देवचंद्र लक्ष्मी कश्यप सहयोगी पिताम्बर अनिता राजेश उमा होगे।

## निधन

### हलधर सिंह राणा

**अकलतरा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं सेवानिवृत्त रेंजर हलधर सिंह राणा का आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र एवं दो पुत्री सहित भारत पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार लक्खी तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे भूतपूर्व सैनिक संगठन सिपाही के संस्थापक सदस्य महेंद्र प्रताप सिंह राणा एवं जितेंद्र प्रताप सिंह राणा के पिता थे।



## खरीददारी करने पहुंचने लगे लोग, पुलिस प्रशासन भी जुटा तैयारियों में

# रंग-गुलाल पिचकारी से सजने लगा बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रंगों का त्योहार होली शुक्रवार 14 मार्च को मनाया जाएगा। इसको लेकर रंगों का बाजार सजने लगा है। बाजार में एक से बढ़ कर एक पिचकारी दिखायी पड़ रही है। इस वर्ष बाजार में केमिलल रंग के साथ -साथ फूलों के पंखुड़ियों से बनने वाले रंग की मांग ज्यादा है। बाजार में रंग-अबीर, पिचकारी के साथ-साथ आकर्षक मुखौटे भी दिखायी पड़ रहे हैं। इस बार बाजार में कई प्रकार की डिजाइन वाली पिचकारी उपलब्ध है। इसकी कीमत 40 रुपये से 350 रुपये तक है।

गौरतलब है कि रंगों का पर्व होली शुक्रवार 14 मार्च को मनाई जाएगी। शहर सहित अन्य जगहों पर रंग-गुलाल पिचकारी की दुकानें सजने लगी है, जहां लोग खरीददारी करने पहुंच रहे है। गुरुवार 13 मार्च को जगह-जगह होलिका दहन किया जाएगा। इधर पुलिस प्रशासन शांति व्यवस्था को लेकर जुट गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा जगह-जगह शांति समिति की बैठक लेकर लोगों को शांतिपूर्वक होली मनाने अपील की जा रही है। होली पर्व को लेकर बच्चों में व युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। खासकर बच्चे अपने लिए रंग-बिरंगी पिचकारियों के साथ-साथ गुलाल एवं मुखौटे की खरददारी शुरु कर दी है। वहीं लकड़ियों को खेत एवं घरों से लाकर होलिका दहन के जगह में रखा जा रहा है।



सजा रंग-गुलाल व पिचकारी की दुकान।



होलिका दहन के लिए इक्ट्ठा की गई लकड़ी।

### बच्चों को लुभा रही खिलौने वाली पिचकारी

बच्चों को दुकानों पर खिलौने वाली पिचकारी भा रहीं हैं। त्योहार से पहले ही दुकानदारों ने बच्चों की मांग के अनुसार बेचने के लिए पिचकारियों को मंगाया गया है। दुकानों पर पहुंच रहे बच्चे खिलौने वाली पिचकारियों की ज्यादा मांग कर रहे हैं। होली सामनों के विक्रेताओं ने बताया कि दुकानों पर रखी रंग-बिरंगी पिचकारी बच्चों को लुभा रही हैं। दुकानों पर प्लास्टिक की सादा पिचकारी 50 से 300 रुपये, खिलौने वाली प्लास्टिक की पिचकारी 100 से 400 रुपये, स्टील की पिचकारी 300 से 500 रुपये, स्टील का फुब्बारा 300 से 800 रुपये तक की रेंज में मिल रहा है। बच्चों को इस बार भी खिलौने वाली पिचकारी ही भा रही हैं। इस बार पिचकारी 20 रुपये से लेकर 300 रुपये तक महंगी हुई है। होली पर पिचकारियों की मांग रहती है। पीतल की बड़ी पिचकारी मांग के अनुसार ही मंगाई जाती है। इस बार भी इसकी मांग है। बाजार में ज्यादातर पिछले वर्ष का स्टॉक है। छोटा भीम, मोटू पतलू, टोम एंड जैरी, मोदी, योगी, टैंक, डोरेमोन कार्टून पात्रों की की पिचकारी बाजार में उपलब्ध हैं।

### फूलों के पंखुड़ियों से बने रंगों की मांग ज्यादा

**शिवरीनारायण।** रंगों का पर्व होली शुक्रवार 14 मार्च को मनाई जाएगी। इसको लेकर रंगों का बाजार परवान चढ़ने लगा है। बाजार रंग-अबीर, मुखौटे व पिचकारियों से पट गया है। बाजार में एक से बढ़ कर एक पिचकारी दिखायी पड़ रही है। इस वर्ष बाजार में केमिलल रंग के साथ -साथ फूलों के पंखुड़ियों से बनने वाले रंग की मांग ज्यादा है। बाजार में रंग-अबीर, पिचकारी के साथ-साथ आकर्षक मुखौटे भी दिखायी पड़ रहे हैं। इस बार बाजार में कई प्रकार की डिजाइन वाली पिचकारी उपलब्ध है। इसकी कीमत 20 रुपये से 200 रुपये तक है। बच्चे अपने-अपने तरीके से होली की तैयारी कर रहे हैं। बाजार में केमिलल रंग के साथ -साथ फूलों के पंखुड़ियों से बनने वाले रंग की मांग ज्यादा है। अबीर में आरारोटवाला सुगंधित अबीर-गुलाल उपलब्ध हैं। बाजार में पैकेट के अनुसार इसकी कीमत निर्धारित की गयी है।



अतिथि के साथ उपस्थित छात्र।

## ओलंपियाड परीक्षा में भाग लेकर विद्यार्थियों ने जीते गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

अंतरराष्ट्रीय साइंस ओलंपियाड फाऊंडेशन के तत्वाधान में पहली बार आयोजित इंटरनेशनल हिंदी ओलंपियाड परीक्षा 2024-25 में वन्दे मातरम आदर्श विद्यालय मालखरौदा के छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय परीक्षा में भाग लेकर इंटरनेशनल अवार्ड सहित 18 विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल हासिल किया है।

कक्षा चौथी के छात्र पूरब कर्ष ने अंतर्राष्ट्रीय सिल्वर मेडल, गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन सर्टिफिकेट के साथ एसओएफ की ओर से एक हजार रुपए का इनाम हासिल किया है। कक्षा तीसरी की छात्रा कु. छाया सोनवाने ने गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन सर्टिफिकेट, सर्टिफिकेट ऑफ जोनल एक्सीलेंस के साथ एसओएफ की ओर से पांच सौ रुपए इनाम हासिल की है। साथ ही कु. हंसिका बरेठ, खिलेश सिंह सिदार, रूद्र सिंह धुर्वे, कु.पूर्वी खूंटे, कु.भूमिका साहू, कु.हिमांशी चंद्रा, ओम अग्रवाल, यश प्रताप सिंह गबेल, कु.आरोही मधुकर, कु.फाल्गुनी गबेल, गौरव चंद्रा, कु. डाली जायसवाल, कु. एकता गबेल, आयुष गबेल, कु. रोशनी गबेल, अमन कुमार यादव ने गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन सर्टिफिकेट हासिल कर विद्यालय सहित अपने माता पिता का नाम रौशन किए है। इंटरनेशनल साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन की ओर से पहली बार आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड परीक्षा में वन्दे मातरम आदर्श विद्यालय मालखरौदा से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन के साथ सफलता हासिल की है जिनकी उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय स्तर में सभी का सम्मान किया गया। प्राचार्य बी.डी. मेहेर ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान किया।

### जहां पर नारी का सम्मान होता है वहां पर देवी देवताओं का होता है निवास

**अकलतरा।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत कटनई के पंचायत भवन में महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच रेशम लाल मार्बल ने कहा कि यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमंते तत्रः देवता जहां पर नारी का सम्मान होता है वहा पर सभी देवी देवताओ का निवास होता है। समाज सेविका पूर्णिमा कश्यप ने कहा महिलाओ की उपलब्धियो, अधिकार और समानता के लिए हर वर्ष महिला दिवस के रूप में मनाया जाता मनाया जाता हैं। हम सभी को महिलाओ का सम्मान व आदर करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सरपंच एवं अतिथियों के द्वारा उपस्थित महिलाओं को श्रीफल प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन रामेश्वर साहू एवं श्रीमती इंदिरा साहू ने किया। इस अवसर पर जयंती साहू, सुनीता कश्यप , पवित्रा पटेल, शशि यादव ,संध्या साहू, खेमन लाल साहू, उमेश साहू, माधवी कश्यप, अनिता कश्यप,वजनती कश्यप सहित महिला समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## लायंस क्लब ने किया नारी शक्तिओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व चार्टर दिवस के अवसर पर लायंस क्लब जांजगीर-नैला द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान जिले के प्रतिष्ठित व विभिन्न विधाओ में विशेष पहचान रखने वाली नारी शक्तिओं का सम्मान किया गया।

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व चार्टर दिवस पर सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

शनिवार 8 मार्च अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में लायंस क्लब जांजगीर नैला द्वारा ज़िले के प्रतिष्ठित व विभिन्न विधाओ में विशेष पहचान रखने वाले नारी शक्तिओं का सम्मान होटल नवरंग में लायन विजय अग्रवाल प्रथम वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 3233-सी के मुख्य आतिथ्य में, लायन डॉ वी. के अग्रवाल पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की अध्यक्षता में, लायन राजकुमार अग्रवाल रीजन चेयरपर्सन के अति विशिष्ट आतिथ्य में एवं लायन राजेश अग्रवाल जोन चेयरपर्सन और चार्टर अध्यक्ष लायन देवेश सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।



नारी शक्ति का सम्मान करते लायंस क्लब के पदाधिकारी।

कार्यक्रम में सुश्री योग्यता साहू ज़िला सेनानी होमगार्ड (छतीसगढ़ की प्रथम महिला अग्निशमन अधिकारी), सुश्री पूजा तांडेकर (मिस छतीसगढ़2025), श्रीमती अनिता अग्रवाल ज़िला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, श्रीमती पायल पांडेय उप संचालक ज़िला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी, सुश्री रश्मि गुप्ता शाखा प्रबंधक ज़िला सहकारी बैंक , श्रीमती हेमलता मनहर( ड्रोन दीदी), श्रीमती अनुराधा शुक्ला सदस्य बाल कल्याण समिति, सुश्री लक्ष्मी करियारे लोक गायिका, श्रीमती रविजा सिंह अधिवक्ता लोकपाल, सुश्री रंजना माखीजा सहायक संचालक हार्टिकल्चर, डॉ प्राची जांगड़े स्त्रीरोग विषेयज्ञ, सुश्री स्नेहा थवाईत प्राध्यापक, श्रीमती कृति अग्रवाल सीए,श्रीमती विजया सिंह डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मिशन साक्षरता मिशन, निशा ख़ान सखी वन स्टॉप सेंटर, श्रीमती सरस्वती सोनी, श्रीमती सुषमा सिंह महिला बाल विकास विभाग, इस अवसर पर लायंस क्लब जांजगीर से लायन नमिषा थवाईत, लायन जूही गौरहा,लायन स्मृति गौरहा,लायन प्राची पांडेय का शॉल, स्मृति चिन्ह ,नारियल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। सर्वप्रथम लायंस क्लब के संस्थापक लायन मेलविन जोन्स के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके पश्चात चार्टर अध्यक्ष लायन देवेश सिंह द्वारा लायन क्लब जांजगीर द्वारा विगत 20 वर्षो से अधिक किये गए सेवा एवं प्रशासनिक गतिविधियों के बारे में प्रकाश डाला गया। साथ ही सभी मंचस्थ अतिथियों द्वारा केक काट कर चार्टर डे मनाया गया। ध्वज वंदना लायन जूही गौरहा, स्वागत उद्बोधन लायन अध्यक्ष लायन राजेश पालीवाल द्वारा, मंच संचालन लायन डॉ विष्णु पैगवार एवं आभार प्रदर्शन लायन डॉ परस शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर लायन अध्यक्ष लायन राजेश पालीवाल, चार्टर अध्यक्ष लायन देवेश सिंह, सचिव लायन धीरज जैन, लायन परस शर्मा, बृजेश गौरहा, नवीन अग्रवाल, रमेश सुल्तानिया, युवराज सिंह, ऋषिकेश उपाध्याय, मनोज अग्रवाल, विष्णु धानुका, हेमंत मिश्रा, नमिषा थवाईत, जूही गौरहा, स्मृति गौरहा, प्राची पाण्डेय, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अजय केशरवानी, मनोज अग्रवाल कालू, संदीप शर्मा, किशोर गुप्ता, संजय भोपालपुरिया उपस्थित थे ।

## महिलाओं को जो अधिकार धर्म नहीं देता वह अधिकार देता है संविधान : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

एलिगेंट वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एलिगेंट स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में किये गए सराहनीय कार्यों के लिए महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।

**खास बात**

- सराहनीय कार्यों के लिए महिलाओं को उपहार देकर किया गया सम्मान

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता नागेन्द्र गुप्ता ने कहा कि एक महिला मंदिर की पुजारी नहीं बन सकती, चर्च की पादरी नहीं बन सकती, मस्जिद की मौलाना नहीं बन सकती, गुरुद्वारे की ज्ञानी नहीं बन सकती, लेकिन देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, कलेक्टर, विधायक, सांसद, पुलिस, जज, सैनिक, इंजीनियर, डॉक्टर, पायलट आदि बन सकती है। यानी जो अधिकार महिलाओं को धर्म नहीं देता वह संविधान देता वास्तव में महिलाएं जननी है जिसके पालने में सृजन पलता है, समाज एवं परिवार की महत्वपूर्ण धूरी है जिसके चारों ओर समाज एवं परिवार फलता-फूलता है इस कारण महिलाओं को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए। कार्यक्रम को प्रकाश अग्रवाल, अंशुल श्रीवास्तव, विवेक शर्मा, अनिल सोनी, ध्रुव मेहर ने भी उपस्थित महिलाओं को महिला दिवस की बधाई देते हुए संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य विश्वजीत राय रथ एवं आभार सोसाइटी के अध्यक्ष विकी मनवानी ने किया। महिला सम्मान समारोह में महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती रजनी तिवारी, श्रीमती सुमन सोनी, मनीषा पटेल, सुनीता बरेट, अंतरा कर्ष, ज्योति शर्मा, अमृता पांडे, नेहा शर्मा, शिक्षा दुबे, ज्योति सोनी, संतोषी सोनी, चंचल यादव, ऋषि सूर्यवंशी, शिवम सोनी नारायण सोनी उपस्थित थे।



सम्मानित करते अतिथि।

## महिला जागृति शाखा ने पुलिस अधीक्षक व महिलाओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा सक्ती सक्ती द्वारा पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा का उनके कार्यालय में पहुंचकर गुलाब फूल का गमला भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने कहा कि सभी महिलाएं अपने क्षमता को पहचाने। महिलाओं का सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक हर क्षेत्र में योगदान रहता है । यह दिन महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, समानता और सशक्तिकरण के लिए जागरूकता फैलाने का माध्यम बनता है। दुनिया भर में इस दिन को महिला सशक्तिकरण और उनके संघर्षों की सराहना के रूप में मनाया जाता है। महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए के लिए संघर्ष कर हर क्षेत्र में आगे होना चाहिए। आज हर बड़े पदों पर महिलाएं आसीन है। पुरुष भी महिलाएंओं का सम्मान करें जहां नारी का सम्मान होता है वह परिवार विकास करता है। मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा सक्ती की अध्यक्ष ऊषा अग्रवाल ने कहा आज नारी सब पर भारी है। पुरुष से कंधे से कधां मीलाकर देश को आगे बढ़ा रही है। शिक्षा से लेकर हर क्षेत्र में आगे है। आज हमारे देश की राष्ट्रपति भी नारी है। नारी ने धरती से आसमान तक अपना वर्चस्व बनाया है। ट्रेन हो या प्लेन चलाने में नारी शक्ति का अहम योगदान है, जिस परिवार में नारी शिक्षित होती है वह दो घरों को शिक्षित करती है, इसलिए सभी अपने बच्ची को अच्छी शिक्षा दें और स्वाभिमान बनाएं और उनकी हर इच्छा को पुरा करें। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा कीअध्यक्ष ऊषा अग्रवाल, रीना गेवाडीन, ऋतु अग्रवाल, कविता गोयल, रिंकी अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, मीना अग्रवाल, रंजू गोयल, आकृति अग्रवाल सहित सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।



## नगरपालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय नगरपालिका परिषद् के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप नामदेव सहित 27 अन्य पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार 9 मार्च को दोपहर 1 बजे से डॉ. भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन में आयोजित किया गया।

- प्रदेश के श्रम, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री लखनलाल हुए शामिल

समारोह में प्रदेश के श्रम, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में इसके आलावा जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े विशिष्ट अतिथि तथा छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेताप्रतिपक्ष नारायण चन्देल, भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले सहित भाजपा नेता कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, अमर सुल्तानिया, ई. रवि पाण्डेय, पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, चुन्नी लाल साहू, विकास शर्मा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष संतोष थवाईत, विकास शर्मा, कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला सहित अनेक भाजपा नेता मंचस्थ और सदन में मौजूद थे। पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव सहित अन्य 27 पार्षदों को स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी एवं प्राधिकृत अधिकारी सुमित बघेल द्वारा पद की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश के श्रम, वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने सभी पार्षदों व अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में नगरपालिका के विकास को भी गति मिलेगी। सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सत्ता में आते ही पीएम मोदी की गारंटी को पूरा किया, जिससे पालिका में भाजपा को सरकार बनाने में सफलता हासिल हुई। पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने शपथ लेने के पश्चात शहर विकास के कामों को पूर्ण कर जनता के विश्वास पर खरा उतरने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष सहित सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को तीन बार 9-9 के क्रम में प्राधिकृत अधिकारी व एसडीएम सुमित बघेल ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन भास्कर शर्मा ने तथा अंत में आभार प्रदर्शन मुख्य नगरपालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर ने किया।



अतिथियों के साथ पालिका के अध्यक्ष व पार्षदगण।





